### एक नजर में

## चैतन्य श्री बालाजी मंदिर छायन में सुंदरकांड एवं मानस प्रवचन का आयोजन



**नाहरगढ।** डिगाव माली श्री चैतन्य श्री बालाजी मंदिर पर चैत्र मास के पावन अवसर एवं हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ का पारायण का आयोजन हुआ।हनुमान जी के जन्मोत्सव पर भगवान शिव पार्वती का अभिषेक एवं हवन तथा सुंदरकांड पाठ का गायन छायन सुंदरकांड मंडल द्वारा किया गया। मानस सत्संग प्रवचन पंडित राधेश्याम व्यास लदूसा के द्वारा किया गया। महाप्रसादी का वितरण हुआ। इस अवसर पर ठाकुर भुवान सिंह सोलंकीए रामसिंह सोलंकीए भंवर सिंहए गुड्डू मारसाबए गजेन्द्र सिंह सोलंकीए देवीलाल आँजनाए नाहर सिंह सोलंकीए गोविंद सिंहए तूफान सिंहए अमर सिंह छाजूखेड़ाए संगीत कार ओम बैरागीए जगदीश चंद्र पाटीदार और आसपास के गांव के अनेक भक्त गण उपस्थित रहे।

## राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कमलकृष्ण गौशाला विकास हेतु 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की



**मंदसौर।** क्षेत्र की श्री कमलकृष्ण गौशाला आकोदडा के विकास हेतु राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह द्वारा सांसद निधि से पाँच लाख रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।इस सहयोग के लिए क्षेत्रवासियों एवं गौशाला प्रबंधन समिति ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शंकरलाल आँजना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राशि गौवंश के लिए शेड निर्माण एवं आश्रय स्थल के जीर्णोद्धार में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। क्षेत्र में बेसहारा गौवंश के संरक्षण एवं प्रबंधन के प्रति सांसद सिंह की संवेदनशीलता सराहनीय है।उन्होंने कहा कि इस उदार सहयोग से गोसेवा के कार्यों को नई मजबूती मिलेगी तथा गौवंश के बेहतर रखरखाव में सहायता प्राप्त होगी ।गौरतलब हे कि इस राशि के लिए शंकरलाल आँजना ने राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह से आग्रह किया था । अंजना ने समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से सांसद दिग्विजय सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा।

## मामा-मामी पर मारपीट व धमकी का आरोप, पुलिस ने मामला जांच में लिया

**पिपलियामण्डी।** नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गर्रावद में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया रुकमण सौंधिया राजपूत ;28द्ध निवासी ग्राम गर्रावद ने थाना नारायणगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने मायके में निवास करती है और अपने पुत्र हिमांशु के साथ घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान उसके अंकल शीतल सिंह सौंधिया राजपूत ने उस पर फोटो खींचने और हंसने का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दिया। फरियादिया के अनुसारए विवाद बढ़ने पर शीतल सिंह एवं उनकी पत्नी मोहनबाई सौंधिया राजपूत ने उसे गालियां दीं।विरोध करने पर शीतल सिंह ने लकड़ी से हमला कर दियाए जिससे उसके दाहिने कंधे पर चोट आई।बीच .बचाव करने आए उसके पुत्र हिमांशु के साथ भी मोहनबाई द्वारा थप्पड़ों से मारपीट की गई।



# श्री तीन छत्री बालाजी धाम पर श्री हनुमंत जन्मोत्सव मनाया

- भंडारे का हुआ आयोजन, निकला चल समारोह

**मंदसौर।** श्री हनुमंत जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में पंचदिवसीय श्री हनुमान महायज्ञ का आयोजन श्री तीन छत्री बालाजी धाम परिसर 29 मार्च रविवार से चल रहा था जिसका समापन एवं हवन की पूर्णाहूति हनुमान जयंती 2 अप्रैल को हुआ। पूर्णाहूति के अवसर पर महामण्डलेश्वर द्वारिकाधीश पीठाधिश्वर योगीराज जी महाराजए अंर्तराष्ट्रीय कथावाचक रामानुजजीए चेतन्य मणी महेश जीए श्री तीन छत्री बालाजी धामए मन्दसौर के प्रमुख संत श्री श्री 108 श्री महंत श्रीरामकिशोर दास महाराजए यज्ञाचार्य जी विष्णु शर्मा ;रठानाद्ध विशेष रूप से उपस्थित थे।

महोत्सव की शुरूआत रविवार को कलश यात्रा के साथ हुई थी। जिसके बाद सोमवार को भजन संध्या और मंगलवार को सुंदरकांड का भी भव्य आयोजन हुआ। महोत्सव के समापन के अवसर पर बडे बालाजी बस स्टेण्ड से एक चल समारोह निकला जो घंटाघरए सदर बाजार होता हुआ श्री तीन छत्री बालाजी धामए खानपुरा पर पहुंचा। जहां पर संतों के सानिध्य में नवकुण्डात्मक श्री हनुमंत महायज्ञ की पूर्णाहूति हुई जिसमें 27 जोडो ने भाग लिया।

महायज्ञ के पूर्णाहूति के बाद संतों के भंडारे का आयोजन किया गया जिसके बाद सभी संतो को विदाई दी गई। संतों के भंडारे के बाद आमजनों का भंडारा हुआ जिसके बाद महोत्सव का समापन हुआ।

## प्रगतिशील कृषक राजेश आर्य की पहल, फसल अवशेष से कमाई और खेती में किया नया बदलाव

**मंदसौर। मंदसौर जिले के विकासखंड मलहारगढ़ के ग्राम कनघट्टी के प्रगतिशील कृषक राजेश आर्य ने आधुनिक कृषि तकनीक अपनाकर न केवल अपनी खेती को लाभकारी बनायाए बल्कि आसपास के किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गए हैं।**

कृषि अभियांत्रिकी विभाग की ई.कृषि यंत्र अनुदान योजना के अंतर्गत श्री आर्य ने स्ट्रॉ रीपर कृषि यंत्र क्रय कियाए जिसमें उन्हें लगभग 1ण्50 लाख का अनुदान प्राप्त हुआ। इस यंत्र की मदद से वे गेहूं की कटाई के बाद खेतों में बचे फसल अवशेष ;नरवाईद्ध को कुशलतापूर्वक भूसे में बदल रहे हैं।

पहले जहां किसान नरवाई को जलाने के लिए मजबूर होते थेए वहीं अब श्री आर्य के प्रयासों से यह समस्या समाधान में बदल गई है।वे अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में किसानों के खेतों से हार्वेस्टर के बाद बचे अवशेषों को निरूशुल्क साफकरते हैं और स्ट्रॉ रीपर से भूसा बनाते हैं।एक ट्रॉली भूसा बनाने पर लगभग 10 से 15 किलोग्राम गेहूं भी एकत्रित होता हैए जिसे वे संबंधित किसान को लौटा देते हैं।

### इस पहल के कई सकारात्मक परिणाम सामने आए

किसानों को खेत साफकरने की चिंता से मुक्तिए अतिरिक्त गेहूं की प्राप्तिए भूसे का उपयोग एवं बिक्री से आयए नरवाई जलाने की आवश्यकता समाप्तए मृदा स्वास्थ्य में सुधारए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावाए आर्य द्वारा तैयार किया गया भूसा स्थानीय गौशालाओं में बेचा जा रहा हैए जिससे उन्हें अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है। यह पहल दर्शाती है कि यदि किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाएंए तो वे न केवल अपनी आय बढ़ा सकते हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। श्री राजेश आर्य की यह कहानी अन्य किसानों के लिए एक प्रेरणा है कि नवाचार और सहयोग से खेती को और अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाया जा सकता है।



## पुस्तक मेले में उमड़ा उत्साह, पालक-विद्यार्थी बढ़-चढ़कर ले रहे लाभ

**मंदसौर।** जिले में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर 1 अप्रैल से 5 अप्रैल 2026 तक संजय गांधी उद्यान ;पंण् मदनलाल जोशी सभागृहद्ध में पांच दिवसीय पुस्तक मेले लगातार चल रहा है। यह मेला प्रतिदिन दोपहर 12रू00 बजे से शाम 8रू00 बजे तक आमजन के लिए खुला है।

पुस्तक मेले में विभिन्न प्रकाशकों एवं विक्रेताओं द्वारा शैक्षणिक पुस्तकोंए कॉपियों तथा विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें एमपी बोर्डए सीबीएसई एवं एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की पुस्तकें प्रमुख रूप से शामिल हैं। साथ ही स्कूल बैगए यूनिफॉर्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री भी उचित दरों पर उपलब्ध है।

मेले में निजी प्रकाशनों की पुस्तकों पर 15 प्रतिशतए कॉपियों पर 30 प्रतिशत तथा शैक्षणिक सामग्री पर 10 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। वहीं एनसीईआरटी की पुस्तकें निर्धारित ;नेटद्ध दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। कलेक्टर द्वारा जिले के अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे पुस्तक मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। साथ हीए नई कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी अपनी पुरानी पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री मेले में स्थापित पुस्तक बैंक स्टॉल पर दान करेंए जिससे जरूरतमंद विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।

**एक नजर** | 2009 पूर्व नियुक्त शिक्षकों को छूट देने की मांगए सरकार निराधार आदेश को निरस्त करें

# टीईटी थोपने के खिलाफ शिक्षकों का उबाल

**मन्दसौर। प्रदेश में टीईटी ;शिक्षक पात्रता परीक्षाद्ध को लेकर जारी आदेशों के बाद शिक्षक समाज में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। दशकों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपे जाने को लेकर शिक्षाविद एवं प्रगतिशील चिंतक असअद ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सरकार के फैसले पर सवाल खड़े किए हैं।**




असअद ने अपने जारी प्रेस वक्तव्य में स्पष्ट कहा है कि वर्ष 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू करना न केवल अव्यावहारिक हैए बल्कि यह उनके सम्मान और सेवा के साथ अन्याय है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता श्री नरेन्द्र मिश्रा के मत का हवाला देते हुए कहा कि 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर यह शर्त लागू नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जब नियुक्तियाँ हुईंए तब टीईटी की अनिवार्यता लागू नहीं थीए तो अब वर्षों बाद इसे थोपना किस न्याय के तहत उचित ठहराया जा रहा है। श्परीक्षा दो या नौकरी छोड़ोश् जैसी स्थिति बनाना शिक्षकों को असुरक्षा के माहौल में धकेलना हैए जो किसी भी दृष्टि से शिक्षा सुधार नहीं कहा जा सकता।

असअद ने सरकार से आक्रामक शब्दों में मांग की है कि 2009 पूर्व नियुक्त शिक्षकों को तत्काल टीईटी अनिवार्यता से मुक्त किया जाएए सेवा समाप्ति जैसी किसी भी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए तथा सेवा अनुभव के आधार पर वैकल्पिक मूल्यांकन प्रणाली लागू की जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं कियाए तो शिक्षक समाज राज्यव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य हो सकता है ।उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल एक परीक्षा की नहींए बल्कि शिक्षकों के सम्मानए अधिकार और न्याय की है।

प्रेस वक्तव्य के अंत में उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज अब चुप नहीं बैठेगा और लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित संघर्ष करेगा।

## नीमच

### एक नजर में

## कलेक्टर ने किया पशु चिकित्सा क्लिनिक एवं पशुपालन कार्यालय का निरीक्षण



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को पशु चिकित्सा पोलिक्लिनिक एवं उपसंचालक पशुपालन कार्यालय नीमच का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने पशुपालन समिति से करवाए जाने वाले कार्यों के लिए स्थल निरीक्षण किया। उन्होने सीएसआर मद से डिजिटल एक्स-रे मशीन प्रदान करवाने के लिए महाप्रबंधक उद्योग को आगामी कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने पशुपालन कार्यालय में कामधेनु योजना के स्वीकृत, वितरित एवं प्रक्रियारत प्रकरणों के हितग्राहियों की बैंकर्स के साथ बैठक में सभी हितग्राहियों से चर्चा कर, बैंक की ओर से आ रही समस?याओं की जानकारी ली। उन्होने हितग्राहियों की समस्याओं पर बैंको को आवश्यक निर्देश दिये, कि अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत कर वितरण सुनिश्चित करें।

# गौधाम बालाजी मार्ग भक्तों को अनुपम सौगात होगा : चोपड़ा

- शहर में नपा बहा रही है विकास की गंगा : परिहार
- 48.27 लाख के सड़क सौंदरीकरण का भूमि पूजन संपन्न

**नीमच!** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में जारी विकास श्रृंखला के तहत श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर 2 अप्रैल गुरुवार को वार्ड क्रमांक 34 के अंतर्गत आने वाले ब्रह्माकुमारी आश्रम से गौधाम बालाजी तक 48.27 लाख की लागत से होने वाले सड़क सौंदरीकरण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, भाजपा संगठन के जिला प्रभारी सुभाष पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल व भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह राणावत के मुख्य आतिथ्य तथा नपा अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता सहित अन्य अतिथिगणो की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया, ब्रह्माकुमारी आश्रम के सुरेंद्र जैन, श्रुति दीदी, सविता दीदी, भाजपा नेता संतोष चोपड़ा, हेमंत हरित, सुरेंद्र सेठी, सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू, जलकल सभापति छाया जायसवाल, श्रीमती कुसुम अशोक जोशी, श्री निलेश पाटीदार,वार्ड क्रमांक 34 की पार्षद श्रीमती शारदा पाटनी भी मंचासीन थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक परिहार ने कहा कि बालाजी महाराज के जन्मोत्सव पर गोधाम बालाजी रोड के सौंदरीकरण का भूमि पूजन एक पुनीत कार्य है, इससे गोधाम बालाजी व श्री चंद्रेश्वर नागदेव मंदिर जाने वाले भक्तों को काफी सुविधा होगी, नगर पालिका द्वारा शहर में किये जा रहे विकास कार्य सराहनीय है, शहर विकास में पैसों की कोई कमी नहीं आने देंगे।

इस अवसर पर चोपड़ा ने कहा कि गोधाम बालाजी मार्ग भक्तों के लिए अनुपम सौगात होगी, इस मार्ग पर साढ़े ग्यारह मीटर चौड़ी सुंदर सड़क के साथ ही नाली निर्माण,पेवर ब्लॉक सहित अनेक कार्य होंगे!

कार्यक्रम का संचालन स्वच्छता एंबेसडर श्री विजय बाफना ने किया व आभार पार्षद श्रीमती शारदा पाटनी ने व्यक्त किया।

**विधायक ने दी देवस्थानों को सौगात** -- कार्यक्रम में विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने गोधाम बालाजी में महिलाओं के जिम के लिए 25 लाख रुपए, चौरसिया समाज के मंदिर में डोम निर्माण के लिए 25 लाख रुपए व ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा निर्मित किए जाने वाले शिव धाम सरोवर तक भोलियावास से सड़क निर्माण के लिए एक करोड रुपए की घोषणा की। विधायक परिहार ने नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा से कहा कि आप विकास कार्य कराते जाओ और लोगों की दुआ लेते जाओ, विरोधीयों के सीने पर सांप लौटते हैं तो लौटते रहे चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

**चोपड़ा ने विरोधियों को लिया आड़े हाथों** -- कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने विरोधियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग आज तक मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाते रहे और अखबारों में छपवाते रहे वह आज तक एक भी आरोप सिद्ध नहीं कर पाए. इसके लिए उन्हें जनता से माफी मांगना चाहिए।

चोपड़ा ने कहा कि शहर में चारों ओर विकास कार्य चल रहे हैं और यह विकास कार्य विरोधियों के विरोध करने से रुकने वाले नहीं है।

कार्यक्रम में नवनियुक्त एल्डर मेन श्री शंकर बंसल, हरभजन सिंह सलूजा के साथ ही गोधाम बालाजी मंदिर समिति के सुंदरलाल बंसल, शैलेंद्र गर्ग, अनुराग बंसल, विष्णु बिंदल, सुनील कटारिया, कपिल अग्रवाल, श्री मलकेश गोयल, नपा पार्षद योगेश कविश्वर, आलोक सोनी, रूपेंद्र लॉक्स, विष्णु राठौर,पार्षद प्रतिनिधि श्री विनीत पाटनी, अमन दीवान, मनीष शर्मा, श्री चंदू तलरेजा, चौरसिया समाज के अजय चौरसिया, महेश चौरसिया, नितेश चौरसिया, अनूप चौरसिया, श्री नितिन चौरसिया, अनुज चौरसिया, अंकित चौरसिया, रिंकू चौरसिया, नपा के कार्यालय अधीक्षक कन्हैया लाल शर्मा, इंजीनियर दीपक मुवेल, अनु सोलंकी, अर्जुन राठौर, अब्दुल नईम एवं वार्ड क्रमांक 34 के दीपक पाटनी, श्री जसवीर हुडा, अंकुश गोधा, ब्रजेश नीमा, मनोहर बाकलीवाल, राजू दीक्षित श्री मनीष ऐरन बिट्टू चोपड़ा श्री विकास नामदेव, श्री संजय डांगी,प्रदीप मारू, श्री जितेंद्र बॉबी,मनीष डूंगरवाल, नरेंद्र अग्रवाल, राजेश जिंदल, रानी राणा, श्री संदीप बाबेल, मनीष चोपड़ा सहित अनेक अनेक पत्रकार, क्षेत्रवासी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में युवा संगम रोजगार मेले का वार्षिक केलेण्डर निर्धारित

**नीमच। रोजगार संचालनालय म.प्र.भोपाल के निर्देशानुसार जिले में वर्ष 2026-27 हेतु युवा संगम रोजगार/स्वरोजगार मेला का माहवार वार्षिक कैलेंडर निर्धारित किया गया हैं।**

जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमन वैष्णव द्वारा युवा संगम कार्यक्रम के लिए निर्धारित कैलेण्डर अनुसार 23 अप्रेल 2026 को आईटीआई जावद, 21 मई 2026 को आईटीआई मनासा, 24 जून 2026 को आईटीआई रामपुरा, 23 जुलाई 2026 को आईटीआई नीमच में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। इसी तरह 20 अगस्त 2026 को जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र (डीआईसी), नीमच, 24 सितम्बर 2026 को पॉलिटेक्निक कॉलेज जावद, 15 अक्टूबर 2026 को आईटीआई जावद, 19 नवम्बर 2026 को आईटीआई मनासा, 17 दिसम्बर 2026 को आईटीआई रामपुरा, 21 जनवरी 2027 को जिला उद्योग एवं व?यापार केंद्र (डीआईसी) नीमच, 25 फरवरी 2027 को पॉलिटेक्निक कॉलेज जावद एवं 18 मार्च 2027 को आईटीआई नीमच में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जावेगा।

उक्त युवा संगम रोजगार मेलों के सफल आयोजन एवं विभिन्न व्यवस्थाओं तथा अधिकाधिक युवाओं को कार्यक्रम से लाभावित करने के लिए जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्णव द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौपे गये हैं।

**एक नजर** | भीलवाड़ा और नीमच के कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

# ग्वालटोली में बालाजी की भजन संध्या, भक्तों ने लिया आनंद

**नीमच। ग्वालटोली में सिटी फोर लाइन रोड पर स्थित दक्षिण मुखी एवं चमत्कारिक श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर पर इस बार 20 वां श्री हनुमान जन्मोत्सव दो दिवसीय आयोजन के साथ हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जा रहा है ।**

मंदिर समिति द्वारा भक्तगण के सहयोग से आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को यहां रात्रि में श्री बालाजी महाराज की भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित भीलवाड़ा और नीमच के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मधुर संगीत के साथ एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया वही उपस्थित भक्तगण भगवान की भक्ति में लीन होकर खूब नाचे। इस अवसर पर मंदिर में विराजमान चमत्कारी श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा का मनमोहक श्रृंगार किया गया। वहीं पूरे मंदिर एवं भजन संध्या पांडाल को फूलों, गुब्बारो एवं श्री राम ध्वजाओ से सजाया गया। पांडाल में सजाई गई श्री राधा कृष्ण एवं हनुमान जी की चलित झांकियां सभी के आकर्षण का केंद्र रही।



मंदिर के बाहर निर्माणाधीन सिटी फोर लाइन रोड पर प्रथम बार बेहतर व्यवस्थाओं के बीच आयोजित यह भजन संध्या का कार्यक्रम सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। रात्रि 8:00 बजे से प्रारम्भ हुई इस भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक अभि-अनुज पारिक-भीलवाड़ा, मिताली मानसिंहका-भीलवाड़ा एवं विनोद भैया-नीमच ने मधुर संगीत के साथ शानदार भजनो की प्रस्तुति दी। मंच पर बड़ी स्क्रीन लगाकर मंदिर में विराजमान बालाजी महाराज के लाइव दर्शन भक्तों को कराए गए। भजन संध्या में बाबा की ज्योत जलाई गई, साथ ही पुष्प वर्षा की गई। भजन संध्या देर रात्रि तक चली। जिसमें श्री बालाजी मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं भक्त अच्छी खासी संख्या में सम्मिलित हुए। उक्त जानकारी मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी श्रवण शर्मा 'राज' ने दी।